सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इण्डिया
Coal India

75
आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# अपनी बात

अंक : 576 वर्ष 43 राँची, 31 जनवरी, 2022





# गणतंत्र दिवस के अवसर पर
# अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध–निदेशक, सीसीएल का संदेश




सीसीएल परिवार के सभी सम्मानित सदस्य, श्रमिक बंधु, श्रमिक–संघों के प्रतिनिधि, जन–प्रतिनिधि, कर्मचारी, अधिकारी, मीडिया बंधु, स्टेकहोल्डर्स, सीआईएसएफ एवं सीसीएल के सुरक्षा जवान, सम्मानित महिलाएँ, मेरे ग्रामीण भाईयों, सज्जनों तथा प्यारे बच्चों, आप सभी को राष्ट्रीय पर्व यानि 73वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई।

जैसा कि आप जानते हैं कि हिन्दुस्तान दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और आज ही के दिन वर्ष 1950 में हमारा देश गणतंत्र बना। आपको यह जानकर खुशी होगी कि भारत आजादी का भी अमृत महोत्सव मना रहा है। इसलिए आज का दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस ऐतिहासिक अवसर पर आइए हम सब अमर शहीदों एवं संविधान के निर्माताओं को शत्–शत् नमन करें और संकल्प लें कि हम उनके सपनों को साकार करेंगे।

दोस्तों, कोरोना अभी समाप्त नहीं हुआ है, हमें सतर्क, सावधान एवं संवेदनशील रहने की आवश्यकता है। हमें लापरवाही नहीं बरतनी है। मास्क, स्वच्छता और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए जल्द से जल्द हम सभी को टीकाकरण भी करवाना है। भारत सहित पूरा विश्व कोरोना वैश्विक महामारी के रूप में एक अभूतपूर्व चुनौती का सामना कर रहा है। इसके बावजूद हमारा देश प्रगति के पथ पर आगे भी बढ़ रहा है। कोरोना महामारी हो या अन्य कोई भी चुनौती, देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हम पूरी निष्ठा के साथ अपना योगदान देने के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं। साथ ही साथ हम अपने कोयला कर्मी एवं हितधारकों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के प्रति भी प्रतिबद्ध हैं। हम सबको यह गर्व होना चाहिए कि आपकी कंपनी द्वारा राज्य के 5 जिलों में स्थित 9 केन्द्रों पर 2 लाख 16 हजार 137 कर्मियों, उनके परिवारजन, ठेका कर्मी सहित आम जन का टीकाकरण सफलता पूर्वक किया गया। सीसीएल के लगभग सभी कर्मियों को कोविड वैक्सीन के दोनों डोज दिए जा चुके हैं। हमने केन्द्रीय अस्पताल, गाँधीनगर, केन्द्रीय अस्पताल, रामगढ़ सहित सीएचसी टंडवा में 'पीएसए ऑक्सीजन प्लांट' को स्थापित कर मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया।

दोस्तों, सीसीएल सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न जन कल्याण योजनाओं के माध्यम से अपने सभी हितधारकों के समावेशी विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिये गए मंत्र – "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास" को मूर्त रूप देते हुए हमने 17 जनवरी को अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं रामगढ़ जिला प्रशासन के साथ 22 करोड़ रूपये का समझौता ज्ञापन किया जिसके अन्तर्गत रामगढ़ में 50 हजार बच्चों के लिए प्रतिदिन भोजन बनाने की क्षमता वाले सेन्ट्रलाइज्ड किचन स्थापित किया जाएगा। यह भोजन जिले के 586 सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिड–डे मिल प्रोग्राम के तहत दिया जाएगा।

दोस्तों, हमारी लोकप्रिय योजना 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' का इस वर्ष फिर एक बार नयी उँचाईयों को छुते हुये शानदार प्रदर्शन रहा। बैच के रिकार्ड 09 स्टूडेंट्स जेईई एडवांस क्वालिफाई कर आईआईटी के लिए चयनित हुये। साथ ही इस बार सीसीएल की 02 लाडलियों ने जेईई एडवांस क्वालीफाई कर इतिहास रचा। मैं सभी बच्चों, उनके पैरेन्ट्स, हमारे आईआईटीयन फैकल्टि एवं टीम सीएसआर को बधाई देता हूँ।

दोस्तों, इसके अलावा हम अपने विभिन्न कमांड क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले जिलों में कई महत्वाकांक्षी योजनाएँ शुरू करने हेतु प्रयासरत हैं, जैसे –

- कमाण्ड एरिया में कोविड–19 से अपने माता या पिता को खोने वाले बच्चों की शिक्षा हेतु स्कॉलरशिप स्कीम,
- 140 परियोजना प्रभावित युवकों को एचएमवी ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं लाइसेंस की व्यवस्था,
- 5.5 करोड़ रूपये की लागत से टंडवा में एचएमवी ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर,
- 1.67 करोड़ रूपये की लागत से चतरा जिला के लिए 8 एम्बुलेंस की खरीदारी,
- 1.05 करोड़ रूपये की लागत से राँची तथा लातेहार में 15 मॉडल लेबर रूम,
- 96 लाख रूपये की लागत से रामगढ़ के बिजुलिया तालाब का सुन्दरीकरण,
- 13 लाख रूपये की लागत से केवीके, मांडू, रामगढ़ में हाई–टेक नर्सरी,
- 96 लाख रूपये की लागत से झारखण्ड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन सेन्टर,
- 15 लाख रूपये की लागत से राँची एवं हटिया रेलवे स्टेशन में 11 बॉटल क्रशिंग मशीन,
- 53 लाख रूपये की लागत से 120 सरकारी स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं

– सिमडेगा में हॉकी खिलाड़ियों हेतु हॉकी ग्राउंडों को प्रकाशवान बनाने एवं अन्य विकास कार्य के लिए 99 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है।

दोस्तों, आपको यह जानकर खुशी होगी कि सीसीएल को कोल इंडिया द्वारा स्थापना दिवस समारोह में जनकल्याण एवं समाज के समावेशी विकास के लिए सराहनीय कार्य हेतु 'बेस्ट अवार्ड ऑन सीएसआर' से पुरस्कृत किया गया।

दोस्तों, कोरोना महामारी जैसी विपरीत परिस्थियों में भी आपकी कंपनी ने 500 से अधिक स्थायी रोजगार मुहैया कराया है जिनमें विशेषज्ञ चिकित्सक भी शामिल हैं।

सीसीएल इसी महीने में इलेक्ट्रिक व्हैकिल हायर करने का वर्क ऑर्डर भारत सरकार के 'Energy Efficiency Mission' के अंतर्गत जारी कर दिया है। हमने पिछले दो वर्षों में अपने खदानों को प्रकाशवान करने के लिए रिकॉर्ड 612 हाई मास्ट लाइटिंग टावर लगाये हैं। साथ ही आपकी कंपनी 20 मेगावाट सौर्य ऊर्जा परियोजना पर भी कार्य कर रही है। हमने पिछले दो वर्षों में 30 से अधिक वे–ब्रिज इंस्टाल किया है।

दोस्तों, आपकी कंपनी ने लैंड कंपनसेशन के एवज में झारखण्ड सरकार को लगभग 900 करोड़ रूपये इस वर्ष दिए। पिपरवार क्षेत्र में कई वर्षों से लंबित टाना भगत संबंधित समस्या को जिला प्रशासन एवं स्थानीय लोगों की सहायता से सफलतापूर्वक सुलझा लिया है।

दोस्तों, सीसीएल "सुरक्षा" के सभी मापदंडों का अनुपालन करते हुए निरंतर सुरक्षित उत्पादन कर रहा है। साथ ही खान सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध सीसीएल ने सदैव नवीनतम तकनीकों को अपनाया है जिसका लाभ आज पूर्णतः परिलक्षित हो रहा है। खान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु आपकी कंपनी को हाल ही में कोल इंडिया में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में 'बेस्ट कॉर्पोरेट अवार्ड ऑन सेफ्टी' के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया।

दोस्तों, विकट एवं विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी हम सबने मिलकर कोयला उत्पादन और प्रेषण लगातार जारी रखा। हमनें पावर प्लांटों को कोयला की निरन्तर आपूर्ति करते हुए देश को अंधकार से दूर रखा और भारतीय अर्थव्यवस्था की गति को थमने नहीं दिया। 19 जनवरी, 2022 तक हमारे पावर सेक्टर को 42.8 मिलयन टन कोयले की आपूर्ति की जो पिछले वर्ष के तुलना में 28% अधिक है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में हमने रेक लोडिंग में 23% की वृद्धि दर्ज की। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष हम लगभग 8 रेक प्रतिदिन अधिक लोड कर रहे हैं। ग्राहकों की संतुष्टि और उनके आवश्यकतानुसार गुणवत्तापूर्ण कोयले की आपूर्ति करना सीसीएल का उद्देश्य है।

दोस्तों, आपको यह जान कर खुशी होगी कि आपकी कंपनी इस वर्ष के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए 31 दिसम्बर तक कोयला उत्पादन में 7.5% और कोयला प्रेषण में 13% की वृद्धि दर्ज की है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब अपने अथक प्रयास से इस वर्ष का लक्ष्य निश्चित ही प्राप्त करेंगे। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी आपकी कंपनी सार्थक और सराहनीय कदम उठा रही है जिससे हमारे आस–पास स्वच्छ वातावरण विकसित हो सके।

जेएसएसपीएस यानि झारखण्ड सरकार और सीसीएल के संयुक्त पहल से चलाई जा रही खेल अकादमी ने छोटे से अंतराल में राष्ट्रीय खेल जगत में अपनी पहचान बनाई है। दोस्तों, आपको यह जानकर गर्व होगा कि हमारे खेल अकादमी के होनहार बच्चों ने एक बार पुनः झारखण्ड का पताका राष्ट्रीय स्तर पर अपने दम पर फहराया है। उन्होंने दिसम्बर में आयोजित अण्डर–15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में राज्य के लिए सारे के सारे पदक यानि 8 पदक जीते। पहली बार उन्होंने झारखण्ड को कुश्ती में पूरे देश में पाँचवाँ स्थान दिलाकर एक गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित किया। इसी तरह बच्चों ने 50वीं सबजूनियर राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता में भी झारखण्ड के लिए सारे–के–सारे यानि 8 पदक जीते। मैं सभी बच्चों को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

दोस्तों, समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्ण निर्वहन करते हुए सीसीएल अपना योगदान निरंतर देता रहेगा। सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है और हम देश को यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि सीसीएल के कर्मी पूरी क्षमता के साथ अपना कार्य कर रहे हैं एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 तक 1000 मिलियन टन यानी 01 बिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सीसीएल आगे बढ़ रहा है। इस दिशा में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, कोल इंडिया के निदेशकगण, श्रमिक प्रतिनिधिगण एवं स्टेकहोल्डर्स का सहयोग हमें हमेशा प्राप्त हो रहा है जिसके लिए सम्पूर्ण सीसीएल परिवार उनका आभारी है। हमारे कामगार, डॉक्टर्स, पारामेडिकल स्टाफ, उत्पादन के साथ–साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का फल पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अंततः आईए इस पावन अवसर पर हम सभी मिलकर संकल्प लें कि देशहित में हम जहाँ और जिस पद पर कंपनी में कार्यरत हैं, वहाँ अपना शत्–प्रतिशत योगदान देंगे। आइए, हम गर्व से कहें – जय हिन्द! जय झारखंड!! जय सीसीएल!!!

ह./–

**(पी. एम. प्रसाद)**

दिनांक : 26 जनवरी, 2022

# 73वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया


सीसीएल मुख्यालय सहित सभी कमांड क्षेत्रों में 73 वां गणतंत्र दिवस सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। दरभंगा हाउस, रांची स्थित सीसीएल के मुख्यालय में सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस.के. सिन्हा और विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, कर्मी एवं अन्य सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। अवसर विशेष पर समृद्धि, शांति एवं प्रगति के प्रतीक स्वरूप तीन रंगो वाले गुब्बारे को मुख्य अतिथि, श्री पी.एम. प्रसाद तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने आकाश में उड़ाये।

अपने संबोधन में श्री पी.एम. प्रसाद ने शहीदों एवं संविधान के निर्माताओं को नमन करते हुये कहा कि इस वर्ष हम सभी आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' भी मना रहे हैं। कोरोना महामारी के बावजूद हमारा देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमने जहां एक ओर केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर एवं रामगढ़ सहित सीएचसी टंडवा में 'पीएसए ऑक्सीजन प्लांट' को स्थापित कर मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया वहीं दूसरी ओर झारखंड के 05 जिलों में स्थित कंपनी के 09 केन्द्रों पर हमनें 02 लाख से भी अधिक कर्मियों उनके परिवारजन, ठेकाकर्मी सहित आमजन को कोविड टीकाकरण किया।

श्री प्रसाद ने कहा कि सीसीएल अपने कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत अपने सभी हितधारकों के समावेशी विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में 17 जनवरी को अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं रामगढ़ जिला प्रशासन के साथ 22 करोड़ रूपये का एमओयू किया गया जिसके अन्तर्गत रामगढ़ में 50 हजार बच्चों के लिए प्रतिदिन भोजन बनाने की क्षमता वाले सेन्ट्रलाइज्ड किचन स्थापित किया जाएगा। यह भोजन जिले के 586 सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिड–डे मिल प्रोग्राम के तहत दिया जाएगा। इसी तरह सीसीएल के विभिन्न कमांड क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले जिलों में कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू करने हेतु पहल किये जा रहे हैं उदाहरणस्वरूप : कमाण्ड एरिया में कोविड–19 से अपने माता या पिता को खोने वाले बच्चों की शिक्षा हेतु स्कॉलरशिप स्कीमय 140 परियोजना प्रभावित युवकों को एचएमवी ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं लाइसेंस की व्यवस्थाय 5.5 करोड़ रूपये की लागत से टंडवा में एचएमवी ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टरय 1.05 करोड़ रूपये की लागत से रांची तथा लातेहार में 15 मॉडल लेबर रूमय 15 लाख रूपये की लागत से रांची एवं हटिया रेलवे स्टेशन में 11 बॉटल क्रशिंग मशीनय 53 लाख रूपये की लागत से 120 सरकारी स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं सिमडेगा में हॉकी खिलाड़ियों हेतु हॉकी ग्राउंडों को प्रकाशवान बनाने एवं अन्य विकास कार्य के लिए 99 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने सभी को बताया कि कोल इंडिया द्वारा स्थापना दिवस समारोह में जनकल्याण एवं समाज के समावेशी विकास में उल्लेखनिय कार्य हेतु 'बेस्ट अवार्ड ऑन सीएसआर' से पुरस्कृत किया गया है।

सीसीएल ने पावर सेक्टर को 42.8 मिलयन टन कोयले की आपूर्ति की जो पिछले वर्ष के तुलना में 28% अधिक है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में रेक लोडिंग में 23% की वृद्धि दर्ज की है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष हम लगभग 8 रेक प्रतिदिन अधिक लोड कर रहे हैं। सीसीएल इस वर्ष के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए 31 दिसम्बर तक कोयला उत्पादन में 7.5% और कोयला प्रेषण में 13% की वृद्धि दर्ज की है।





(बायें) गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराते एवं (दायें) गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद



73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा गुब्बारे उड़ाते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद तथा अन्य गणमान्य

सीसीएल देश की उर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है और पूरी क्षमता के साथ अपना कार्य कर रहे हैं। इस दिशा में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, कोल इंडिया के निदेशकगण, श्रमिक प्रतिनिधिगण एवं स्टेकहोल्डर्स का भी सराहनीय सहयोग मिलता आ रहा है।

मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (कार्मिकध्मर्ती) श्री संजय ने किया।

## केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया

केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में भी सीएमएस डॉ. डी.के. एल. चौहान द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सी.सी.एल. के राजेन्द्र नगर कॉलोनी तथा जवाहर नगर कॉलोनी में भी प्रत्येक वर्ष की भांति गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।





गांधीनगर अस्पताल में ध्वजारोहण समारोह के दृश्य

# 4 और 22 जनवरी को कोल इंडिया अध्यक्ष ने सीसीएल में समीक्षा बैठक की




समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते श्री प्रमोद अग्रवाल

04 जनवरी को सी.सी.एल. मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सी.सी.एल. के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक किया। बैठक में सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (मार्केटिंग), कोल इंडिया, श्री एस.एन. तिवारीय सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री आलोक सिंह सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। साथ ही सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री प्रमोद अग्रवाल का स्वागत करते हुये उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के विभिनन गतिविधियों – कोयला उत्पादन, एमडीओ (माईन डेवलपर एंड ऑपरेटर) मोड संबंधित प्रोजेक्ट, भूमि अधिग्रहण, नये वाशरी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में श्री प्रमोद अग्रवाल ने उपस्थित सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया जिससे कंपनी अपने कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। श्री अग्रवाल ने परियोजना विस्तारीकरण, नये परियोजनाओं के उत्पादन क्षमता आदि पर विस्तार से चर्चा किया।

सीएमडी श्री प्रसाद ने कहा कि सीसीएल अपने लक्ष्य की ओर सतत अग्रसर है। उन्होंने सभी क्षेत्रों के कोयला उत्पादन एवं अन्य बिन्दुओं पर अध्यक्ष, कोल इंडिया को अवगत कराया।

इससे पूर्व श्री अग्रवाल ने मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार, श्री सुखदेव सिंह से प्रोजेक्ट भवन में भेंट की और राज्य सरकार के सहयोग, कोयला उत्पादन एवं प्रेषण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

पुनः 22 जनवरी को सी.सी.एल. मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सी.सी.एल. के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक किया। बैठक में सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री एस. के. गोमस्ता, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा, सीएमपीडीआईएल के सीएमडी श्री मनोज कुमार, कोल इंडिया के एस्क्यूटिव निदेशक, श्री एन.के. सिंह, सीसीएल सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री आलोक सिंह सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। साथ ही सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में भाग लिया।

समीक्षा बैठक में श्री प्रमोद अग्रवाल ने कोयला उपभोक्ताओं विशेषकर पावर प्लांट को कोयला आपूर्ति संबंधित सभी बिन्दुओं पर चर्चा किया और रेल के माध्यम से उनको शत–प्रतिशत कोयला प्रेषण करने पर बल दिया। उन्होंने सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि उत्पादन पर विशेष ध्यान दें ताकि कंपनी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके।

श्री अग्रवाल ने कोल इंडिया एवं इसके सभी अनुषंगी कंपनियों सहित सीसीएल में लागू किये जा रहे ईआरपी प्रणाली के कार्यान्वयन पर जोर देते हुये कहा कि हमें जल्द से जल्द इस प्रणाली को सूचारू रूप से कंपनी में लागू करने हेतु हर संभव प्रयास करना है जिससे कंपनी की कार्यक्षमता एवं दक्षता में और सुधार हो सके। उन्होंने सभी कंपनी आपस में स्ट्रक्चर एवं नॉलेज शेयरिंग का बैठक कर बेस्ट प्रैक्टीसेस को कार्यनिष्पादन में अपनाने पर जोर दिया।

इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री प्रमोद अग्रवाल का स्वागत करते हुये उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के विभिन्न गतिविधियों – कोयला उत्पादन, पावर प्लांटों एवं उपभोक्ताओं को कोयला आपूर्ति आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही श्री प्रसाद ने सीसीएल में लागू ईआरपी प्रणाली पर भी प्रकाश डाला।

> "कामयाबी पाने के लिए
> तीन चीजें जरूरी होती हैं –
> सही समय, सही तरीका और सही सोच।"

# सीसीएल ने रामगढ़ जिला प्रशासन और अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ 22 करोड़ रूपये का एमओयू किया



सीसीएल सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न जन कल्याण योजनाओं के माध्यम से अपने सभी हितधारकों के समावेशी विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिये गए मंत्र – "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास" को मूर्त रूप देते हुए हमने 17 जनवरी को अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं रामगढ़ जिला प्रशासन के साथ 22 करोड़ रूपये का समझौता ज्ञापन किया जिसके अन्तर्गत रामगढ़ में 50 हजार बच्चों के लिए प्रतिदिन भोजन बनाने की क्षमता वाले सेन्ट्रलाइज्ड किचन स्थापित किया जाएगा। यह जिले के 586 सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिड–डे मिल प्रोग्राम के तहत दिया जाएगा।

# सीसीएल के गाँधीनगर अस्पताल में नाक, कान एवं गला की बीमारियों से ग्रस्त मरीज का लाईव ऑपरेशन किया गया



दिनांक 06–01–2022 (गुरुवार) को गाँधीनगर अस्पताल, सी. सी. एल., रांची में नाक, कान एवं गला का एक लाइव कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें इन्दौर के डा. बी. बशेर एवं राँची के डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने जटिल ऑपरेशन कर राँची में देश के कोने–कोने से आए नाक, कान एवं गला के चिकित्सकों को लाईव दिखाया। गाँधीनगर अस्पताल में आयोजित यह कार्यशाला सीसीएल कर्मी और आस–पास के नाक, कान एवं गला की बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए बहुत लाभदायक रहा। निश्चित रूप से आने वाले समय में मरीजों को इसका काफी फायदा मिलेगा।


इस कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. डी. के. एल. चौहान, सी. एम. एस., सीसीएल ने किया। उक्त कार्यशाला के सफल आयोजन में डा. रत्नेश जैन, सी. एम. एस. (प्रभारी), गांधीनगर अस्पताल, डॉ बी. एम. के. सिन्हा, डॉ जगमाल सिंह, डॉ. सत्य प्रकाश रंजन, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. अंबरीष कुमार एवं डॉ रत्नेश कु० सिंह तथा परिचारिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

"अवसर सूर्य उदय की तरह होते हैं
यदि आप ज्यादा देर प्रतीक्षा करेंगे तो
आप उसे गवां देंगे।"

# सीएमडी, सीसीएल ने झारखण्ड के मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की



सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने झारखण्ड के मुख्यमुत्री श्री हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नर्व की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने राज्य सरकार की निरन्तर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई




सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री विमल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम), ई एण्ड एम विभागय राजेश कुमार, उप–प्रबंधक (वित्त), वित्त विभागय हिरनमोय पालित, कार्यालय अधीक्षक (ए–1), कर्मचारी स्थापना विभागय राम प्रवेश सिंह, कार्यालय अधीक्षक, एसडी एवं सीएसआर विभागय अरूण कुमार, सहायक सुपर वाईजर (ट्रांसपोर्ट), सुरक्षा एवं बचाव विभागय सरोज उरांव, सफाई कर्मचारी, नगर प्रशासन विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से डॉ. कुमारी उमा, मुख्य चिकित्सा अधिकारीय श्रीमती मृदुला कुमारी, मुख्य प्रबंधक (स्टोर फार्मा)य शिव शंकर प्रसाद जायसवाल, वरीय लिपिकय श्री नंदलाल राम, सफाई मेटध्जमादार को आज सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में ''सम्मान समारोह'' का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से जनवरी माह में 194 कर्मी सेवानिवृत हुये जिन्हें कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय रांची में आयोजित सम्मान समारोह में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने–अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि यह कंपनी आपकी है और आपको कभी भी हमारी जरूरत महसूस हो तो हमें निसंदेह याद करें हम आपकी सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंन सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

निदेशक (वित्त) श्री के. आर. वासुदेवन ने कहा कि माह का यह अंतिम दिन हम सभी के लिए बहुत कष्टदायी लगता है जब कंपनी के अनुभवी एवं अमूल्य रत्न हमें छोड़कर सेवानिवृत हो जाते हैं। आप सभी के द्वारा दिये गये सुझावों एवं परामर्श पर मंथन करते हुये कंपनी के हित में उसे अपनाया जायेगा जिससे निरंतर विकास की गति बना रहे।

निदेशक तकनीकी (योजनाध्परियोजना) श्री एस. के. गोमस्ता ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुये उनके सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

अवसर विशेष पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने अपने विचार रखे, साथ ही कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की तथा कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। अवसर विशेष पर सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये सेवानिवृत्त कर्मियों को रिटायरमेंट बेनिफिट भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन सोशल डिस्टेशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कार्मिकध्कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय ने किया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# समाचार पत्रों में सीसीएल

**फैसला** ● **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की थी मांग, कोयला मंत्रालय की मिली सहमति**

## विस्थापितों को एक करोड़ तक का ठेका

**प्रमुख संवाददाता** ▷ रांची

**सीसीएल ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में लिया फैसला**

**परियोजना के 30 किमी के दायरे में रहनेवालों को मिलेगा इस योजना का लाभ**

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन और केंद्रीय कोयला मंत्री के बीच नवंबर 2021 में हुई बैठक का नतीजा है कि कोल इंडिया द्वारा अधिग्रहित भूमि से विस्थापित स्थानीय लोगों को अब एक करोड़ तक का कांट्रैक्ट मिलेगा. इस पर केंद्रीय कोयला मंत्रालय ने भी अपनी सहमति दे दी है. इससे विस्थापितों की आर्थिक आजीविका को मजबूत आधार मिल सकेगा. मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कोयला मंत्री से कहा था कि एक करोड़ तक का ठेका स्थानीय लोगों को देने की योजना बने. जिसके बाद समिति बनी और स्थानीय विस्थापितों को कांट्रैक्ट देने की सिफारिश हुई है.

**इन कार्यों में मिलेगी प्राथमिकता** : विभिन्न कार्यों में कोयला परिवहन के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कोयला लोडिंग एवं परिवहन कार्य और सिविल कार्य के तहत अकुशल कार्यबल की व्यवस्था करना शामिल है. इसके अलावा साफ-सफाई, रखरखाव, बागवानी कार्य समेत अन्य कार्य व कोल इंडिया द्वारा स्थानीय लोगों से वाहन किराया पर लेने को भी प्राथमिकता दी जायेगी.

**सीसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने पारित किया प्रस्ताव** : इधर, कोल इंडिया के निर्देश के बाद सीसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने ठेका पर निर्णय लेते हुए सूचना जारी कर दी. बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने फैसला लिया है कि अब सीसीएल एक करोड़ तक का कांट्रैक्ट विस्थापितों को देगा. एक करोड़ तक का कांट्रैक्ट सीसीएल उन लोगों को देगा, जो सीसीएल की परियोजनाओं से विस्थापित हुए हैं. जिन विस्थापितों को सीसीएल नियोजित नहीं कर पाया है, उनको इस निर्णय से सीधे लाभ मिलेगा. बैठक में तय गाइडलाइन के अनुसार सीसीएल अपनी परियोजनाओं के माध्यम से 30 किमी के दायरे में निवास करनेवाले लोगों को ही इस योजना का लाभ देगा. सीसीएल विस्थापितों को चिह्नित करने के लिए सहकारिता समिति का गठन करेगा. समिति के माध्यम से ऐसे लोग चिह्नित होंगे, जिन्हें कांट्रैक्ट योजना का फायदा सीधे मिलेगा.

# सोशल मीडिया में सीसीएल

Central Coalfields Limited Retweeted

**Jayant Sinha** @jayantsin... · 18/01/22

Many thanks to Hon. Minister @JoshiPralhad ji and Team @CCLRanchi for supporting this initiative.

**Central Coalfields...** · 17/01/22

#TeamCCL inked MoU worth ₹ 22 Cr with District Administration, Ramgarh and Akshay Patra Foundation to set up centralised kitchen under #CclCsrInitiative.

The kitchen will supply **50,000** meals per day to **586** govt schools in Ramgarh District, Jharkhand. #MidDayMeal



4:18 ◂ WhatsApp

**Central Coalfields Limited** 14.3K Tweets

Tweets | Tweets & replies | Media | Likes

**Central Coalfields Limi...** · 08/01/22

#TeamCCL's #NewYearResolution
√ #MaskUp
√ Use #Sanitizer
√ Follow #SocialDistancing

What's Your ??

सीसीएल परिवार का #नववर्ष का संकल्प
√ चेहरे पर #मास्क
√ #सैनिटाइजर का निरंतर उपयोग
√ #सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन

आपका का क्या है ??

#IndiaFightsCOVID19
#StaySafeStayHealthy




8 · 46 · 64

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

CMD Sri PM Prasad paid courtesy visit to Hon'ble CM Sri @HemantSorenJMM. He conveyed #NewYear greetings and expressed his gratitude for the continuous support from Govt.

सीएमडी श्री पीएम प्रसाद ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।





सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)